दिनांक 23.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री एस0 के0 सुंदरानी ने समस्त जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि अनुपयोगी रिक्शा को कंपोस्ट पिट बनाने में उपयोग करें

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0 के0 सुंदरानी निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी श्री आई0 एल0 यादव ने आज प्रातः से ही जोन 3 मदर टेरेसा नगर कार्यालय के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में चल रहे नियमित साफ–सफाई व्यवस्था एवं रात्रिकालीन में की गई सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री यादव ने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया एवं स्वच्छता निरीक्षक को सक्त निर्देश दिया गया कि वे प्रतिदिन उपस्थिति पंजी में समय पर आने वाले कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करें अनुपस्थिति की स्थिति की जानकारी से जोन आयुक्त को अवगत कराते हुए मुख्य कार्यालय के स्वास्थ्य विभाग को भी जानकारी प्रेषित करें।

स्वास्थ्य अधिकारी श्री यादव ने घर–घर से सूखा एवं गीला कचरा एकत्रित कर रिक्शा के माध्यम से लाने वाले रिक्शा मित्रों को कचरे पृथक–पृथक ही लाने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने गत् दिनों जोन 3 मदर टेरेसा नगर कार्यालय के अंतर्गत विभिन्न वार्डों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था उस दौरान निगम के जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सक्त निर्देश देते हुए कहा था कि आप लोग स्वयं अपने अपने प्रभार वाले वार्डों का निरीक्षण करें एवं घर घर से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे को अलग–अलग रिक्शा मित्रों के द्वारा लाया जा रहा है कि नहीं इस पर विशेष ध्यान देवें जो रिक्शा कर्मी कचरा पृथक–पृथक नहीं ला रहे हैं ऐसे कर्मियों को सेवा मे न रखने के प्रस्ताव आयुक्त कार्यालय को प्रेषित करें।

जनसम्पर्क अधिकारी